विचारार्थ विषय

वरिष्ठ **परामर्शदाता - आरसीएच - कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व:

- राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा तैयार वार्षिक कार्यक्रम क्रियान्वयन योजना का विश्लेषण और मूल्यांकन करना
- स्वास्थ्य योजनाओं के विकास में राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाइयों को तकनीकी सहायता प्रदान करके वार्षिक कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं में राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता प्रदान करना और राष्ट्रीय दिशा निर्देशों के अनुसार उनके कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं में मौद्रिक आवश्यकता को दर्शाना।
- आरएमएनसीएच+ए गतिविधियों के लिए आवश्यकता आधारित और वित्तीय योजना में सहायता प्रदान करने के लिए राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों का योजना संबंधी दौरा करना।
- राज्य/ संघ कार्यक्रम प्रबंधकों के साथ आरसीएच कार्यक्रम के प्राथमिक संपर्क के तौर पर कार्य करना और राज्यों के कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं को समय पर प्रस्तुत करने हेतु उनके साथ समन्वय करना।
- राज्य कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं में संगत इनपुट प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आरसीएच कार्यक्रम के तहत विभिन्न तकनीकी प्रभागों के साथ समन्वय करना।
- राज्य कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं के भीतर आंतरिक निरंतरता सुनिश्चित करना और तकनीकी प्रभाग द्वारा निर्मित प्रचालन दिशा-निर्देशों और प्रोटोकॉल का अनुपालन करना।
- तकनीकी प्रभागों से प्राप्त सभी इनपुट और टिप्पणी का समेकन करना तथा राज्य कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं में संशोधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों को इस संबंध में सूचित करना।
- पीआईपी को अंतिम रुप देने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति (एनपीसीसी) के दौरान राज्य पीआईपी की विस्तृत समीक्षा हेतु व्यापक पीआईपी मूल्यांकन नोट तैयार करना।
- तकनीकी प्रभागों के साथ समन्वय करते हुए एनपीसीसी बैठकों के दौरान विचार विमर्श और लिए गए निर्णय के आधार पर आरसीएच कार्यक्रम के कार्यवाही दस्तावेज(आरओपी) का मसौदा तैयार करना।
- सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों हेतु आरओपी को अंतिम रुप देने के लिए एनएचएम के योजना प्रभाग के साथ कार्य करना।
- कार्यक्रम संबंधी आवश्यकता के आधार पर आरसीएच अनुपूरक प्रस्ताव को समय पर प्रस्तुत करने तथा नई पहल आरंभ करने के लिए राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों के साथ संपर्क रखना।
- अतिरिक्त वित्तपोषण के अनुमोदन हेतु तथा उपलब्ध निधियों के पुनर्विनियोजन हेतु /राज्य संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत अनुपूरक प्रस्तावों की जांच करना तथा उन्हें निपटाना।
- राज्यों द्वारा प्राप्त उपलब्धियों का आकलन करने तथा सेवा प्रदान करने में आने वाली बाधाओं की पहचान और उनका समाधान करने के लिए उपयुक्त उपायों के सुझाव देने के लिए एनएचएम के सामान्य समीक्षा मिशन में भाग लेना।
- रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा समय समय पर प्रदान किए गए अन्य कार्यों को करना।
- ऊपर दिए गए सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना।

पात्रता:

- किसी विख्यात और मान्यताप्राप्त संस्थान से सामाजिक कार्य/स्वास्थ्य प्रबंधन/एमबीए में स्नातकोत्तर डिग्री।
- न्यूनतम 5+ वर्ष का अनुभव। जिसमें से 3-4 वर्ष का अनुभव आरसीएच कार्यक्रम में राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर हो। राज्य कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं के विश्लेषण का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
- बहु विषयक दल के परिवेश में कार्य करने की क्षमता।
- अत्यधिक दबाव में और समयबद्ध तरीके से कार्य करने का उत्कृष्ट समन्वय कौशल तथा क्षमता।
- एमएस वर्ल्ड, एक्सेल , पावर प्वॉइंट जैसे आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों और संगत आंकड़े तथा दस्तावेज ढूंढने के लिए वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में पारंगत हों।
- उत्कृष्ट संप्रेषण और प्रस्तुतीकरण कौशल, विश्लेषणात्मक और अंतर्वैक्तिक क्षमता, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- परियोजनाओं की समय-सीमा के भीतर कार्य करने के साथ-साथ कई अलग-अलग परियोजनाओं पर कार्य करते हुए तकनीकी सहायता और क्षमता उपलब्ध कराने हेतु राज्यों और जिलों की यात्रा करने हेतु तैयार रहना।
- राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आरसीएच कार्यक्रम में जिन अभ्यर्थियों ने कार्य किया है उन्हें वरीयता दी जाएगी।
- यदि विशिष्ट क्षेत्र में संगत कार्यानुभव होगा तो औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

रिपोर्टिंग अधिकारी: निदेशक (आरसीएच), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय।

आयु: आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को 55 वर्ष तक और अत्यधिक दौरे करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य हो।

पारिश्रमिक: प्रतिमाह 90,000/-रु. से 1,50,000/-रु. के बीच।

स्थान: दिल्ली

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे विचारणीय विषय के साथ अटैच किए गए आवेदन प्रपत्र को डाउनलोड करें जिसे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन प्रपत्र को **24-May-2019** तक rch.imm.mohfw@gmail.com पर ईमेल कर दें। अन्य किसी प्रपत्र में भेजे गए आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया आवेदन प्रपत्र पर आवेदित पद का नाम दर्शाने को सुनिश्चित कर लें जिसके बिना आवेदन प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।